तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार, 25 दिसंबर 2023


9 गोपालपुर देहारगुड़ा व कुल्हाडीघाट में पहुंचा भारत...



10 सुशासन दिवस पर बोनस राशि का किया जाएगा वितरण





## खबर संक्षेप

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज

**नवापारा-राजिम।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के



उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका नवापारा के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि बस स्टेण्ड के पास पं दीनदयाल उपाध्याय चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी जी का सुशासन दिवस मनाया जाना है। सीएमओ श्री विश्वकर्मा ने सभी गणमान्य नागरिको को संकल्प लेने के लिए आमंत्रित किया है। बताया गया है कि शाम 4 बजे पालिका के सभाकक्ष में कवि सम्मेलन,कविता पाठ स्पर्धा का आयोजन अटल बिहारी जी के जीवनी पर प्रदर्शनीय आयोजित होगा। श्री विश्वकर्मा ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो व आमजनो को कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया है।

### भगवान श्री दत्तात्रेय जयंती कल

**राजिम।** कल मंगलवार को भगवान श्री दत्तात्रेय की जयंती गरियाबंद रोड में स्थित श्री दत्तात्रेय मंदिर में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए रामकुमार गोस्वामी ने बताया कि सुबह 7 बजे श्री दत्तात्रेय का अभिषेक पूजा होगी। 8 बजे भगवान श्री सत्यनारायण की कथा और शाम 5 से रात 8 बजे तक रामायण पाठ का आयोजन होगा। जयंती के अवसर पर श्री गोस्वामी ने समाज के सभी लोगो से शामिल होने का आग्रह किया है।

### राजिम कॉलेज स्टेडियम में खिलाड़ियों का चयन कल

**राजिम।** गुजरात में होने जा रहे नेशनल इंटर डिृरिरक्ट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए 26 दिसंबर मंगलवार को राजीव लोचन कॉलेज स्टेडियम में सुबह 10 बजे से चयन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि बालक व बालिका वर्ग में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, 80 मीटर , 600 मीटर दौड़, में चयन होगा। खिलाड़ियो को जन्मप्रमाण पत्र या मार्कशीट, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड लेकर आना होगा।

### धान बेचने के टोकन को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना में धान बेचने के टोकन को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर मोतीलाल चौधरी पिता चैतराम 40 साल ग्राम दर्राभाठा ने वासुदेव चौधरी पिता चैतराम 35 साल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महासमुंद ने कांकेर को एक पारी और 213 रनों से हराकर दर्ज की बड़ी जीत

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिसट्रिक्ट प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय मैच के दूसरे मैच में महासमुंद का मुकाबला कांकेर से दल्लीराजहरा में खेला। जिसमें महासमुंद ने कांकेर को 1 पारी और 213 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। मैच की शुरूवात में कांकेर ने टॉस जीतकर महासमुंद को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया, जिसमें महासमुंद की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 417/10 रनो पर आल आउट हुई। 417 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए कांकेर के सभी बल्लेबाज महासमुंद की गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये और महज 99 रनों पर पूरी टीम आल आउट हो गई। महासमुंद की ओर से नमन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट प्राप्त किए। सुधांशु को 3, प्रशांत को 2 विकेट मिले।

# ड्रिप सिंचाई योजना की सब्सिडी नहीं मिलने से किसान मायूस, खेती प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

निरंतर भूजल स्तर के कारण आज सभी जगह पानी की समस्या होती जा रही है। जिसका असर किसानों के खेती पर भी दिखाई दे रहा है। आज पानी की कमी के कारण किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सरकार की ओर से किसानों को कम पानी में उगने वाली फसलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है इसके लिए सरकार की ओर से किसानों को अनुदान का लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर किसान इतना सक्षम नहीं है जो ड्रीप इरीगेशन पाइप खरीद कर खेती कर सकें। किसान सीताराम नेताम, लोकेश नेताम, उधोराम चन्द्राकार, महेश साहू, रघुनाथ साहू ने बताया कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना केवल दिखावा ही बनकर रह गया है। सिंचाई एवं सिंचाई सुविधा में ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से रवि फसल मक्का सब्जी की खेती में अच्छी आय का साधन मानते हैं। जिसमें ड्रिप सिस्टम को नगद में किसान खरीदने में असमर्थ हैं। किसान कह रहे हैं एक साल से सिंचाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों के दिमाग में सिंचाई को लेकर चिंता पनपने लगी है। क्योंकि गर्मियों के मौसम में किसानों को सिंचाई के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। हालांकि कई इलाकों के भूजल स्तर काफी गिर चुका है, जिसके वजह से सिंचाई नहीं हो पाती और फलस्वरूप फसलें भी सूख जातीं हैं।

**किसान ड्रिप सिस्टम को नकद खरीदने में हैं असमर्थ**



**तकनीक में लागत ज्यादा**

कई बार किसानों को फसल उत्पादन के लिए सिर्फ मानसून पर ही निर्भर रहना पड़ता है। बुवाई के लिए भी किसान बारिश का इंतजार करते हैं। इस वजह से फसलों से कुछ खास उपज भी नहीं मिल पाती। क्षेत्र के किसानों ने स्पिकलर सिंचाई सिस्टम सब्सिडी योजना चालू करने की मांग की है। ताकि इस तकनीक की लागत किसानों पर भारी न पड़े।

## सौगात : जिले के किसानों को 117 करोड़ रुपए से अधिक राशि का होगा भुगतान

# भाजपा का चुनावी वादा आज हो जाएगा पूरा किसानों को मिलेगा दो साल बकाया बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के अवसर भाजपा अपना दो साल के बकाया बोनस का चुनावी वादा पूरा करने जा रही है। 2023 के चुनाव में भाजपा ने खरीफ वर्ष 2014-15 और 15-16 में किसानों के बकाया बोनस का भुगतान करने की घोषणा की अपने संकल्प पत्र में की थी। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी गारंटी दी थी।

■ धान बेचने वाले किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से होगा भुगतान

अब सत्ता में आने के बाद भाजपा अपने इस वादे को पूरा कर रही है। इसे लेकर किसानों में भी काफी उत्साह है। शासन स्तर भी जिला मुख्यालय सहित सभी ब्लॉक में बोनस तथा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजित किए जा रहे है। जिसमे वर्छुअली सीएम विष्णु देव से भी शामिल होंगे और किसानों को संबोधित करेंगे।

जिला स्तरीय बोनस भुगतान कार्यक्रम फिंगेश्वर के मंडी प्रांगण में दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जाएगा। यहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे। वहीं ब्लॉक स्तर में गरियाबंद में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, छुरा में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, मैनपुर में तथा देवभोग में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी अथिति होंगे। कार्यक्रम में संबंधित क्षेत्र के जिला एवम जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, नगर पालिका/ पंचायत के अध्यक्ष के अलावा भाजपा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इधर, प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसान हितैषी लिए गए निर्णय ⏭ शेष पेज 8 पर





## फिंगेश्वर, राजिम व कोपरा के किसानों को राजिम विधायक करेंगे बोनस का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

आज नगर के कृषि उपमंडी मे भाजपा सरकार के घोषणा स्वरूप किसानों को पिछले 2014–15 एवं 2015–16 वर्ष के दो साल का बोनस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें फिंगेश्वर, राजिम एवं कोपरा के किसानों को बोनस वितरण किया जावेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू होंगे। जिनके माध्यम से बोनस का वितरण होगा। कार्यक्रम को लेकर जिला कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने रविवार को फिंगेश्वर पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के अधिकारी कर्मचारियो एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियो को मंच से लेकर बैठक व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यवस्थाओ के लिए सख्त निर्देश दिये। कार्यक्रम मे फिंगेश्वर के 8 सोसायटीयो के 775 किसानों को 106737720 बोनस की राशि वितरण किया जावेगा। इसी प्रकार कोपरा के 6338 किसानों को 82066620 बोनस की राशि दी जावेगी। इसी प्रकार राजिम सोसायटी के 6426 किसानों का 84468480 रूपया बोनस की राशि दी जावेगी। कार्यक्रम को लेकर ब्लाक सहित जिले के अधिकारी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम मे बोनस की राशि लेने सभी किसानों को लगभग 11 बजे उपस्थिति देने की अपील जिला सहकारी बैंक फिंगेश्वर, राजिम एवं कोपरा के अधिकारियों ने की है।



अधिकारी व कर्मचारी जुटे तैयारी में



## पुलिस ने 7 लीटर शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

अवैध शराब बिकी करने वाले के खिलाफ छुरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही की है। इसी क्रम में रविवार को प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती थाना प्रभारी छुरा के द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने एवं पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराने वाले लोगों में लगाम लगाने के लिए थाना छुरा के प्रधान आरक्षक 511 धनुष निषाद एवं अन्य स्टाफ को हमराह लेकर शाम को धर-पकड़ की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से शराब बिकी करने वाले के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया हैं। जिसमें आरोपी के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1400 रूपये का अवैध कच्ची महुआ शराब पकड़ा गया। आरोपी कृत्य आबकारी एक्ट का घटित करने पाया जाने से आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पश्चात जेल दाखिल किया गया।

# मूलभूत सुविधा के बिना जीवन को गति देना संभव नहीं : चंदूलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत सेंदर में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पुर्व सासंद व भाजपा नेता चन्दूलाल साहू थे। उन्होंने सभा को सम्बोधित करने से पहले आम जनता के बीच और विभिन्न विभागों की अधिकारी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केन्द्रीय योजनाओं को लेकर अनेक सवाल किए। आम व पात्र हितग्राही लाभान्वित व्यक्ति से संवाद कर जाना कि सरकार की योजना पाने में अधिकारियों से कोई दिक्कत तो नहीं हुई है। संकल्प पाठ का पाठ सामुहिक किया गया। तदोपरांत मुख्यातिथि पुर्व सासंद चन्दुलाल साहू ने सभा ⏭ शेष पेज 8 पर

■ सेंदर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्रीय योजनाओं की दी जानकारी





### जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल कर कोरोना के खिलाफ लड़ाई की तैयारियों का जायजा

**महासमुंद।** देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के बढ़ते हुए संक्रमण के साथ ही प्रदेश में इस नए वेरिएंट के संक्रमण से निबटने के लिए रविवार को जिले के प्रमुख 6 अस्पतालों में मॉकड्रिल किया गया। जिला अस्पताल में बने डेडिकेटेड कोरोना अस्पताल में मरीज को एंबुलेंस से लाने से लेकर उपचार शुरू करने तक सभी गतिविधियों को परखा गया। इस दौरान कोरोना मरीज के उपचार के लिए उपयोग में आने वाले सभी जरूरी यंत्रों एवं सुविधाओं को परखा गया। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जिले में अब तक करीब 100 लोगो की एंटीजन जांच की गई।

# खेल बच्चों में नेतृत्व की भावना को विकसित करने के लिए आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इस कथन को चरितार्थ करते हुए माध्यमिक शाला दुल्ला के खेल मैदान में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भगवान सिंह ठाकुर के द्वारा भारत माता की पूजा कर किया गया। इस प्रतियोगिता में कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिण्टन, थ्रो-बाल, बास्केटबाल, कबड्डी, बालीबाल, जलेबी रेस, जैसे इनडोर व आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 6वीं से लेकर कक्षा 8 वीं तक के छात्र-छात्रों ने भाग किया एवं अपनी क्षमता व प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य ⏭ शेष पेज 8 पर

■ माध्यमिक शाला दुल्ला में 2 दिवसीय वार्षिक खेलकूद हुआ



## श्री राधाकृष्ण मंदिर में शिवकथा सुनने उमड़ा जन सैलाब

# शिवकथा सुनने से जीवन बनता है सार्थक : कृष्णा दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिवस रविवार को शिवकथा सुनने श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में अपार भीड़ पहुंची। बालयोगी कथाकार कृष्णा दुबे ने सर्वप्रथम श्री गणेश जी, मां सरस्वती, पवनपुत्र हनुमान जी महाराज एवं अपने गुरू महाराज का स्मरण करते हुए प्रवचन के दौरान बताया कि भोलेनाथ की पूजा कैसे की जाती है। पूजा को श्री दुबे ने विस्तार से बताया। इसके साथ ही भगवान ब्रह्मा और भगवान विष्णु तथा भोलेनाथ का अरुणांचल महादेव के रुप में प्राकट्य कथा का वर्णन व पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन विधि का वर्णन किया। पं जी ने कुबेर जी को कुबेर पद कैसे प्राप्त हुआ? इसके साथ ही चारों वर्णों के कर्म आचरण कलयुग में किस प्रकार के होंगे ये भी बताया। बाल व्यास ने कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुजनों और भक्तो से ⏭ शेष पेज 8 पर





**धर्म ही सनातन धर्म को बचाकर रखेगा**

श्री सालासर सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति के संस्थापक राजू काबरा ने कहा कि 10 वर्षीय बालव्यास श्री कृष्णा दुबे की मनमोहक छबि देखते ही बन रहा है वे बहुत ही सरल भाव से कथा सुना रहे है। कहा कि सनातन धर्म ध्वजा चारों ओर फैलती रहे। धर्म होगा तो धर्म भाव आएगा। धर्म ही सनातन धर्म को बचाकर रखेगा। समिति का उद्देश्य केवल यह कि नगर एवं अंचल के लोग धर्म से जुड़े रहे। दूसरे दिवस कथा सुनने प्रहलाद राय अग्रवाल, युवराज पांडे, संतोष शर्मा, चिरंजीवी शर्मा, बिसाहू वर्मा, ज्योति काबरा , विद्या देवी काबरा, गंगा मरकाम, बबलू जैन, किशोर फोटानी, प्रिया बागड़ी, रविशंकर गौतम, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### महाकाल की भक्ति से नहीं होती है कभी अकाल मौत : पं. सिद्धेश्वरानंद महाराज

**नवापारा-राजिम।** गोड़पारा संतोषी मंदिर प्रांगण में शिव महापुराण के प्रथम दिन पं सिद्धेश्वरानंद महाराज द्वारा नंदी के महत्व को बताते हुए कहा कि जहां-जहां शिवलिंग है वहां-वहां नदिया भी बहती हैं उस नदी में स्नान मात्र से ही सारा दुख दर्द मिट जाता है। हमारा सौभाग्य है कि हम महानदी के किनारे में रहते है जहाँ तीन नदियो का संगम है। इस संगम का महत्व जब जगत जननी मां सीता ने रेत से शिवलिंग का निर्माण की थी जिसे हम कुलेश्वर महादेव के नाम जानते हैं। पं जी ने कहा कि नदी में स्नान और कुलेश्वर महादेव के दर्शन से सारा दुख दर्द दूर हो जाता हैं। ये महाकाल है जिसने इसकी भक्ति की वे कभी अकाल मृत्यु नहीं मरता। उन्होंने शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि शिव महापुराण एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि सारे संसार का मूल तत्व है जो शिव की लीला में लीन हो गया वह शिव को पा लिया। कथा श्रवण करने पूर्व विधायक धनेंद्र साहू सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।





### कचरा फेंकने की बात पर दो गुटों में मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना के ग्राम बिजातीपाली में कचरा फेंकने की बात से अश्लील गाली गलौज करते हुए ईंट पत्थर से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इसकी रिपोर्ट कुंती साहू पति हेतराम 38 साल ने राजेन्द्र चौहान एवं जमुना चौहान के खिलाफ दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष के जमुना चौहान पति राजेश 28 साल ने हेतराम साहू एवं कुंती साहू पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।


**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### कन्या कॉलेज में सात दिवसीय योग एवं जुम्बा प्रशिक्षण का समापन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग एवं जुंबा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में हितेश यादव व वैशाली योग एवं जुंबा प्रशिक्षक के निर्देशन में महाविद्यालय की समस्त छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसबी कुमार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन ओंकार प्रसाद साहू (सहायक प्राध्यापक हिन्दी) ने किया। कविता गहीर (कार्यक्रम प्रभारी) के द्वारा छात्राओं को महाविद्यालय के आगामी कार्यक्रमों में भी भाग लेने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण डॉ स्वेतलाना नागल, ओमप्रकाश पटेल, जेपी खटकर, प्रेरणा एकका, वंदना यादव, खगेश्वर प्रसाद, ग्रंथपाल अजय वास, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, लोकनाथ तारक, प्रदीप जायसवाल, टेशर, प्रेरणा कापसे, अशैक्षणिक स्टाफ गजपति पटेल, अश्वनी कुमार लोधी आदि मौजूद रहे।

### विकसित भारत के तहत विविध प्रतियोगिताएं हुई

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार के निर्देशन में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मुहिम विकसित भारत @ 2047 कार्यक्रम अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 दिसंबर 2023 से 23 दिसंबर 2023 तक भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, साइकिल जागरूकता रैली आदि विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए छात्राओं की सुझाव भी आमंत्रित किए गए।

### तुमगांव में मनाई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 12 में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 23 दिसम्बर को बाबा गुरुघासी दास की जयंती मनाई गई। नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा जैतखाम में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में बाबा गुरु घासीदास के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, पूर्व पार्षद राजेन्द्र निर्मलकर, पुष्कर यादव, कमलेश अजगले, उत्तम निर्मलकर हेमंत सोनवानी, संजय गाहरवाल आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम जामली में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव का किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम जामली में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष छुरा तोकेश्वरी मांझी एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पांचवें दिन 22 दिसम्बर को विकासखंड छुरा के ग्राम जामली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम जामली में आयोजित कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि कार्यालय गरियाबंद से महेश पैंकरा सहायक संचालक कृषि एवं ललित यादव ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के माध्यम से कृषकों से सहमति प्राप्त कर ग्राम जामली के कृषक भुनेश्वर साहू के दो एकड़ खेत में लगाए सरसों एवं भिंडी फसल में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। वहीं ड्रोन की उपयोगिता देखकर सभी किसान व ग्रामीण उत्साहित हुए नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के सौजन्य से राज्य शासन द्वारा जिले में एक ड्रोन आवंटित किया गया है। जिसे जिले के प्रत्येक विकासखंडो में प्रदर्शन किया जाएगा और ड्रोन से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सूचना पोषक तत्व कीटनाशक, आदि का छिड़काव पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक सुरक्षित है और समय भी कम लगता है। यह हवा में प्रदूषण को काम करता है और साथ ही मृदा एवं पर्यावरण के लिए सुरक्षित है ड्रोन से रसायनों का छिड़काव समान रूप से होता है। इससे फसलों को उर्वरक व समय की बचत होती है। दवाई का समान मात्रा में मिलती है इससे फसलों की वृद्धि और पैदावार में सुधार होने के साथ-साथ समय की बचत होती है। तथा लागत भी कम लगती है।

## राज्य शासन द्वारा जिले में आवंटित किया गया एक ड्रोन



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, जनप्रतिनिधि राजू साहू, प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, संदीप पाण्डेय, पीलू यादव, पालेंद्र साहू, बोधन साहू, कृषि विभाग छुरा से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एनके भोई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन ठाकुर संजय ध्रुव, शिवकुमार साहू, कृषकगण योगेश्वर, मंगलू, इगेश्वर, ईश्वर ध्रुव, सुदामा, भगवत, भुनेश्वर दुर्जन, देवशरण, राजकुमार खेलावन व किसान उपस्थित थे।



## प्रवचन : मंदिर परिसर में श्री राधे-राधे की गूंज से वृंदावन धाम का होता रहा अनुभव

# श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से दैविक दैहिक व भौतिक ताप से मिलती है मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

समीप पथ ग्राम रवेली में स्थित बजरंग मंदिर के पास ग्रामवासियों व महिला समूहों के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह में रविवार को कथा पंडित ऋषिकेश ने तुलसी वर्षा, हवन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, पूजा और विसर्जन कराया। इसके दौरान उन्होंने कहा कि जो कोई श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करे, घर में गाय व तुलसी का महत्व समझे और घर में श्रीमद् भागवत ग्रंथ रखे, उसे दैविक, दैहिक और भौतिक ताप से मुक्ति मिल जाती है। भागवत कथा के सारांश उपसंहार भगवान श्री कृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ रानियों व इनसे विवाह के पीछे के वास्तविक दर्शन, भगवान कृष्ण के द्वारका में राजपाठ, सुदामा से मित्रता, सुदामा की दरिद्रता के हरण प्रसंगों की कथा सुनाकर महोत्सव को विराम दिया गया। कथा वाचक ने सात दिनों तक भागवत के विभिन्न प्रसंगों को संगीतमय प्रकृति से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर में श्री राधे-राधे की गूंज से वृंदावन धाम का अनुभव होता रहा। कथा का विश्राम बृज की होली, हवन-पूजन और तुलसी वर्षा के साथ भव्य रूप से किया गया। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि नरकासुर ने कन्याओं को कैद कर रखा था। भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया। इसके बाद कन्याओं को कैद से मुक्त कराया और सभी कन्याओं को पति के रूप में स्वीकार किया। वहीं स्यमंतक मणि की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण पर एक बार मणि चोरी करने का आरोप लगा था, भगवान ने उस मणि को जामवंत से प्राप्त करके वापस राजा प्रसेन को दिया। इसके बाद जामवती के साथ विवाह हो गया। शुकदेव जी ने परीक्षित को बताया कि भगवान की कथा को श्रद्धा और विश्वास के साथ इस प्रकार से सुनें तोचिंगराजपारा स्थित शिव शक्ति दुर्गा मंदिर में अन्नपूर्णा पूजन महोत्सव के दौरान आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह में गुरुवार को कथा आचार्य ज्ञानप्रकाश पारासर ने तुलसी वर्षा, हवन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, पूजा और विसर्जन कराया। इसके दौरान उन्होंने कहा कि जो कोई श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करे, घर में गाय व तुलसी का महत्व समझे और घर में श्रीमद् भागवत ग्रंथ रखे, उसे दैविक, दैहिक और भौतिक ताप से मुक्ति मिल जाती है।



### लोगों ने लिया आशीर्वाद

वहीं रविवार को गांव में बारात भी निकल गया जहां भगवान श्री कृष्ण को गांव के प्रत्येक गलियों में ले जाया गया और गांव के महिलाओं वह पुरुषों के द्वारा अपने-अपने आंगन के सामने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सोमवार को कथावाचक के द्वारा गीता सार सुनकर कथा को अंतिम विराम देंगे। वही समस्त ग्राम वासियों व अनेक महिला समूह के द्वारा रोजाना भोजन प्रसादी का भी व्यवस्था किया जा रहा है। जिसमें लगातार कथा सुनाने आए भक्तों को भोजन पर शादी प्राप्त हो रहा है।

### श्रीकृष्ण पर मणि चोरी करने का लगा था आरोप

भागवत कथा के सारांश उपसंहार भगवान श्री कृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ रानियों व इनसे विवाह के पीछे के वास्तविक दर्शन, भगवान कृष्ण के द्वारका में राजपाठ, सुदामा से मित्रता, सुदामा की दरिद्रता के हरण प्रसंगों की कथा सुनाकर महोत्सव को विराम दिया गया। आचार्य पारासर ने सात दिनों तक भागवत के विभिन्न प्रसंगों को संगीतमय प्रकृति से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर में श्री राधे-राधे की गूंज से वृंदावन धाम का अनुभव होता रहा। कथा का विश्राम बृज की होली, हवन-पूजन और तुलसी वर्षा के साथ भव्य रूप से किया गया। कथा व्यास पारासर ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि नरकासुर ने कन्याओं को कैद कर रखा था। भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया। इसके बाद कन्याओं को कैद से मुक्त कराया और सभी कन्याओं को पत्नी के रूप में स्वीकार किया। वहीं स्यमंतक मणि की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण पर एक बार मणि चोरी करने का आरोप लगा था, भगवान ने उस मणि को जामवंत से प्राप्त करके वापस राजा प्रसेन को दिया। इसके बाद जामवती के साथ विवाह हो गया। शुकदेव जी ने परीक्षित को बताया कि भगवान की कथा को श्रद्धा और विश्वास के साथ इस प्रकार से सुनें तो सात दिनों के अंदर श्रोता भगवान को स्वयं प्राप्त कर सकते हैं।

# राम कथा का रसपान करने सपरिवार पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मानस पथिक परिवार छत्तीसगढ़ के ईकाई पथिक परिवार चरौदा की संयोजन में मानस प्रचार समिति चरौदा के तत्वावधान में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी उनके बैनर तले तीन दिवसीय संगीतमय मानस संगोष्ठी पथिक परब 23 के नाम से 23 से 25 दिसंबर तक ग्राम स्कूल चौक चरौदा विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में आयोजित है। इस आयोजन में श्री राम कथा का रस पान करने आसपास के लोग सपरिवार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस राम कथा गुढ रहस्य को बताया जा रहा है। मंच संचालन चिन्ता राम सेन ने कहा कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रिय मानस मंडली की प्रस्तुति से 23 दिसम्बर को हुआ। 24 दिसंबर को प्रात :9 बजे संगीतमय श्री हनुमान चालीसा पाठ, 10 बजे मानस प्रवचन खिलावन साहू सोरिद के द्वारा प्रसंग बालकाण्ड, कुमान सिंह ध्रुव फिंगेश्वर प्रसंग बालनवमी तिथि ,11बजे सुनीता साहू, संजना सिन्हा, मोतिमपुर,मगरलोड प्रसंग बालगौतम, 3 बजे कोमल साहू कातलबोड़, कुरूद प्रसंग अयोध्या, 4बजे युवराज सिन्हा कन्हारपुरी, कुरूद प्रसंग अयोध्या राम सनेही भरत सरिस, 6 बजे रामायण आरती, 7 बजे प्रमोद साहू प्रसंग अयोध्या राम दरस, 8 बजे सुरेन्द्र सिन्हा छुईहा, अरण्य दीप सिखा के साथ दूसरे के दिन का कार्यक्रम हुआ। वहीं 25 दिसंबर को 9 बजे संकीर्तन, हनुमान चालीसा, टुकेश्वर चक्रधारी, बरेकेल झलप प्रसंग किष्किन्धा, 11 बजे चिंता राम सेन खल्लारी, महासमुंद प्रसंग सुंदर जारा नगरु निमिष, 1 बजे शत्रुघन सिन्हा आलेखुटा, अभनपुर प्रसंग सुंदर नाथ दशानन, 2 बजे प्रेमलाल साहू गुदगुदा, धमतरी प्रसंग - लंका मेघनाद, 4 बजे सुश्री सोनिया साहू बिरकोनी, महासमुंद प्रसंग लंक अहह नाथ रघुनाथ, 5 बजे आरडी साहू चर्रा, कुरूद प्रसंग उत्तर राम राज बैठे त्रैलोका 6 बजे किरण क्षेत्रे बागबाहराप्रसंग उत्तर राम चरन रति, 8 बजे हवन पुर्णाहूति रामायण महाआरती के साथ आयोजन होगा। आयोजन में समिति मानस प्रचार समिति स्कूल चौक श्यामाचरण दिवान, उपाध्यक्ष ईतवारी राम सिन्हा, सचिव कमलेश साहू, भागवत सिन्हा रामप्रसाद ध्रुव, रैवा निर्मलकर, मानिक सिन्हा, शायद चरण दिवान, दीनबंधु सिन्हा, शंकर ध्रुव, भगवान सिंग ध्रुव, पुनम ध्रुव, खोरबाहरा सिन्हा, भुषण दिवान ओमप्रकाश सिन्हा, मुकेश ध्रुव, रामलाल यादव, लालजी यादव विनोद ध्रुव, अभिजीत सिन्हा, रेखरंजन सिन्हा अभिनव, चुम्मन सिन्हा, सोनू भगत, भरोसा पटेल, घनश्याम ध्रुव, बिसम्भर ध्रुव, रेमन सेन राजकुमार ध्रुव मानस पथिक प्रभारी युगलकिशोर सिन्हा, भागीरथी सिन्हा की विशेष सहयोग है।






### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ करें ऑनलाइन आवेदन

#### इस योजना का लाभ कारीगरों और शिल्पकारो को मिलेगा : सीएमओ

**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत पारंपरिक कारीगर और शिल्पकार जो अपने हाथो से औजार का उपयोग करके काम करते हुए स्वयं के लिए रोजगार स्थापित किए है। परंपरागत व्यवसाय के जरिए आज भी देश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। ऐसे 18 परंपरागत व्यवसाय जिसमें बढ़ई,नाव बनाने वाले,अस्त्र बनाने वाले,लोहार,ताला बनाने वाले,हथोड़ा और टूलकिट निर्माता, सुनार,कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, चटाई/ झाड़ु बनाने वाले पारंपरिक गुड़िया और खिलौना बनाने वाले, नाई, मालाकार, दर्जी, धोबी, मछली का जाल बनाने वाले को इस योजना के तहत चुना गया है। यह जानकारी देते हुए नवापारा नगर पालिका के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना कर इन्हें जोड़ने के लिए इनके सहायता के लिए एक पैकेज की संकल्पना की गई जो पीएम विश्वकर्मा के नाम से लांच हो रही है। बताया कि इस योजना के घटक में कारीगरो और शिल्पकारो को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता देना, उन्नत कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक डिजिटल, तकनीकी ज्ञान, आधुनिक उपकरणो की सहायता स्थानीय एवं वैश्विक बाजारो के साथ जुड़ाव, कम ब्याज दर पर वित्तीय सहायता, डिजिटल भुगतान के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रदान कराना मुख्य उद्देश्य शामिल है। सीएमओ श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र हितग्राही का निःशुल्क पंजीयन निकाय स्तर पर सीएससी च्वाइस सेंटर में ऑनलाइन पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के जरिए किया जाएगा। सीएमओ श्री विश्वकर्मा ने शहर के समस्त कारीगर एवं शिल्पकारो को इस योजना का लाभ लेने के लिए च्वाइस सेंटर में ऑनलाइन पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकते है।

## नगर के गणमान्य लोगों का हुआ सम्मान



**राजिम।** रविवार को साई सेवा संस्थान द्वारा साई मंदिर में चंद्रभानु सतपथी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर नगर के वरिष्ठजन एवं गुरुजनों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। संस्थान के प्रमुख मोहन ठाकुर एवं लाला साहू द्वारा नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, संजीव चंद्राकर, नगर पंचायत के सभापति ओमप्रकाश आडिल, महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यदु ,किसान सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष भोले साहू, डीके ठाकुर, प्रवीण पुष्पाकर, रामकुमार साहू, श्याम साहू, लोकनाथ साहू, शिवराज देवांगन, टीआर धनकर, धर्मेंद्र ठाकुर, भागवत सेन, कामेश्वर गोस्वामी, आसाराम साहू को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अश्विनी ठाकुर, संजू ठाकुर, मालती सिंह सहित कई भक्तजन उपस्थित थे।

# विधायक इंद्रकुमार का हुआ स्वागत सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक इंद्रकुमार साहू का स्वागत सम्मान नवापारा भाजयुमो के पूर्व उपाध्यक्ष हेमंत साहू एवं डॉ केआर सिन्हा ने बुके भेंटकर किया।



## ग्राम धवलपुर में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का किया गया अनावरण

# वीर नारायण ने गरीबों की भलाई के लिए न्यौछावर कर दिए अपने प्राण : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किलोमीटर दुर ग्राम धवलपुर में रविवार को सर्व आदिवासी विकास परिसद क्षेत्र धवलपुर द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर विशाल रैली निकाली और शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा अनावरण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने छत्तीसगढ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह को नमन करते हुए कहा कि सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में छत्तीसगढ की जनता में देश भक्ति का उन्होने संचार किया स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जन नायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ महतारी के सच्चे सूपत थे उन्होने 1856 के भीशण आकाल के दौरान गरीबों को भुख से बचाने के लिए अंग्रेजी हूकुमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया, श्री ध्रुव ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह मातृ भूमि के प्रति सम्पर्ण और उनका बलिदान हमेशा याद किया जायेगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव पहुंचे तो आदिवासी समाज व ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जनक ध्रुव, अध्यक्षता सर्व आदिवासी विकास परिषद अध्यक्ष कन्हैयालाल ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, श्रीमती वर्शा ध्रुव, संरक्षक सदाराम धुर्वा, जनपद सदस्य रामसिंह नेताम, श्रीमती चंदा बारले, रामसिंह नेताम, गुजरात कमलेश, केदार सिंह दाऊ, बीएल चुरेन्द्र, कमार समाज प्रमुख रामलाल सोरी, सरपंच ग्राम धवलपुर, नारद धुरव, सरपंच जंगल धवलपुर श्रीमती बिम्बेश्वरी ठाकुर, सरपंच घटौद श्रीमती कीर्ति कपील, सरपंच मोहंदा महेन्द्र नागेश, सरपंच बेगरपाला मनराखन धुर्वा, सरपंच दबनई घन"याम नागेश, सरपंच मरदाकला सावित्री बाई सोरी, पूर्व सरपंच गोडरबाय ढेलूराम नेताम विशेष रूप से उपस्थित थे, अतिथियों का आदिवासी समाज द्वारा पीला गमछा भेंट कर एंव पीला चावंल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम द्वारा पिछले वर्श आयोजित कार्यक्रम में धवलपुर में छत्तीसगढ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा लगाने का घोशणा किया था और अपने घोशणानुसार संजय नेताम के द्वारा धवलपुर में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा लगाई गई जिसका आज विधिवत पुजा अर्चना कर अनावरण किया गया।

### समाज को संगठित होकर मिलजुलकर कार्य करने की जरूरत : लोकेश्वरी



इस दौरान जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि आज आदिवासी समाज को संगठित होकर मिलजुलकर कार्य करने की जरूरत है, उन्होने कहा कि आज हम सब संकल्प ले की शहीद वीर नारायण सिंह के बताये रास्तों पर चलकर क्षेत्र प्रदेश व समाज का विकास में अपना योगदान देना है, इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया, कार्यक्रम के शुभारंभ में विशाल रैली निकाली गई। जिसमें एक तीर एक कमार सारे आदिवासी एक समान जैसे गगनभेदी नारे लगाये गये। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हबीब मेमन, बजरंग यादव, नथन यादव, तातुराम यादव, रोहिदास यादव, एसपी तिवारी, हेमलाल बारले, बुधराम नेताम, धनेश्वरी ध्रुरव, बीएल, चुरेन्द्र, चित्रंश ध्रुव, कोंविद ध्रुव, नेयाल नेताम, गीताराम मरकाम, रामलाल सोरी, टीके देव, दुर्योधन मरकाम, घनश्याम नागेश, लोकेश ठाकुर, लखन कुंजाम, बलीराम नेताम, रामसिंह नागेश, जीवन नेताम, भागीरथी मरकाम, भोखन नेताम, ईश्वर दीवान, गीताराम मरकाम, धनीराम , भोखसिंह कपील, केशव नेताम, नेपाल सोरी शिवचरण दीवान, किरण सिंह मरकाम, ललित मरकाम, जागेश्वर, धनीराम मरकाम एंव आदिवासी समाज के क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेज 7 के शेष...

### भाजपा का चुनावी...

अनुसार गरियाबंद जिले के किसानों को 25 दिसंबर सुशासन दिवस को धान की बोनस राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके अंतर्गत धान बेचने वाले किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से दो वित्तीय वर्ष का बोनस दिया जायेगा। जिसमें जिले के किसानों को 117 करोड़ 58 लाख रुपए बोनस राशि के रूप में मिलेंगे। वर्ष 2014-15 अंतर्गत 44 हजार 507 एवं 2015-16 के 34 हजार 292 किसानों को बोनस राशि का भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। जिला विपणन अधिकारी अमित चंद्राकर ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2014-15 में धान बेचने वाले कुल 44 हजार 507 किसानों से 23 लाख 33 हजार 272.85 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। जिसका बोनस राशि 300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 70 करोड़ रूपये भुगतान किया जाएगा। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015-16 में धान बेचने वाले जिले के कुल 34 हजार 292 किसानों से 15 लाख 86 हजार 110 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। जिसका बोनस राशि 47 करोड़ 58 लाख रूपये किसानों को दिया जाएगा। जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा।

### मूलभूत सुविधा के...

को संबोधित किया कहा की मूलभूत आवश्यकताओं के बिना जीवन को गति देना संभव नहीं है। इसी उद्देश्य के साथ आप सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने और दैनिक जीवन यापन को सहज सुलभ बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारीयों से कहा योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के चार उद्देश्य में कहा पहला- उन वंचित लोगों तक पहुंचना जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठाया है, दूसरा- योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना,तीसरा- सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने के माध्यम से बातचीत और चौथा- शिविर के दौरान पता लगाए गए विवरण के माध्यम से संभावित लाभार्थियों का नामांकन करना है। अतिथि के पहूंचने से पहले लाभार्थि जीवन सेन, उमा साहू, नर्मदा, खेमिन नविता, नितू सिन्हा, हेमलाल मनोहर, ने मेरी कहानी, मेरी जुबानी नामक एक पहल के माध्यम से अपना अनुभव नरेन्द्र मोदी की कटआऊट से सेल्फी से व्यक्त किया। इससे पहले ग्राम सेंदर पहुंचने ग्राम पंचायत सरपंच, पंच, ग्रामवासी, महिलाओं ने राऊत नाचा, पंथी नाचा, फटाका फोड़कर स्वागत करते मुख्य मंच आसिन कराये गये। जहां विशाल गजफुलमाला से स्वागत किया गया। मंच पर स्कुली छात्रों, विहान समुह का शानदार प्रेरक नृत्य प्रस्तुति दी गई। सरपंच टीकेश्वर साहू, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा,सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, पुर्व सरपंच रामाधार साहू, उपसरपंच भगवानी साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता बोधन साहू ,जनक साहू, सरपंच उदेराम साहू,मिथलेश साहू,जनपद सदस्य आशा राम साहू घनी राम सेन, दिलीप ध्रव, प्रेम लाल, जनक साहू, तुलस वर्मा, मोहन घृतलहरे, मुरली, मिलाप ध्रव, सुखचंद घृतलहरे, मदन साहू शैलेन्द्र, कमल, पोखराज, कलेश साहू, पुरन साहू, उमेश ध्रव, मुरली साहू, कृषि क्षेत्र अधिकारी के आर साहू, प्रचार्य मेघा ठाकरे, ओमेश चन्द्राकर, पुरानिक ध्रुव, बीआर गुप्ता, विरेन्द्र हिरौदीया, डविड कुमार सिन्हा, कौशलेश देवांगन उपस्थित थे।

### खेल बच्चों में ...

अतिथि भगवान सिंह ठाकुर जी ने कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है तथा बच्चों में नेतृत्व की भावना विकसित करने के लिए यह आवश्यक है एवं खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। अतः बच्चों को खेलों में उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। प्रथम दिवस के खेल प्रतियोगिता का समापन करते हुए विद्यालय के प्रधान पाठक एके दास ने कहा कि मस्तिष्क के विकास का साधन यदि शिक्षा है तो शारीरिक विकास का साधन खेल हैं इससे बच्चों में स्नेह और मित्रता का भाव जागृत होता हैं। वार्षिक खेलकूद में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर चंदूराम बघेल, भूपेंद्र कुमार सोती, वसुंधरा साहू एवं शाला विकास समिति के समस्त सदस्य व छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### शिवकथा सुनने से...

साफ-साफ कहा कि कथा सुनने ,ग्रंथ पढ़ने ,भजन सुनने से ही नहीं बल्कि इसे आत्मसात करते हुए सामाजिक जीवन और अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएंगे तभी यह सार्थक होगा। कथा के दूसरे दिवस भी पंडित जी ने बेलपत्र की महिमा का बखान करते हुए कहा कि इसे बहुत ही श्रद्धा और विश्वास के साथ इसे ग्रहण करें तो कैंसर, रक्त विकार, चर्मरोग जैसे असाध्य रोगों से मुक्ति संभव है। कथा सुनने के लिए महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ देखते ही बन रही है।

## खबर संक्षेप

### गोंगल में मनाई गई घासीदास की जयंती

**महासमुंद**। झलप गोंगल ग्राम में बाबा गुरुघासी दास की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पंथी नृत्य की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में भाजपा नेता व सरपंच रूपलाल पटेल, राकेश साहू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष युवा नेता, नेपाल पटेल ग्रामीण सचिव, संतोष पटेल, सावित्री, दुष्यंत, नेतराम, फगुवा, तुलाराम, हेमसिंह, तुलसी राम, अग्नुराम, धरम दास, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

### गांवों में दिया जा रहा निमंत्रण

**सरायपाली**। विकासखंड के ग्राम छुईपाली में मेरा गांव, मेरी अयोध्या के तहत अपने गांव को ही अयोध्या मानकर सुबह से ही सुंदरकांड, हनुमान चालीसा भजन संकीर्तन कर भव्य कार्यक्रम आयोजन व दिवाली मनाकर निमंत्रण रूपी अक्षत चावल, राम लला का चित्रण और पत्रक के रूप में निमंत्रण को प्रत्येक घर तक पहुंचाने का ग्रामीणजनों को विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, बजरंगदल प्रखंड संयोजक मयंक पाणिग्राही एवं योगेश शर्मा व अन्य कार्यकर्ताओं ने संकल्प दिलाया।

### शहीद स्मारक में फूलों की साफ-सफाई

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में फूलों की साफ सफाई की गई। पूर्व सैनिक संगठन एवं संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि घर खूबसूरत बनाने के लिए बाहर के साथ-साथ अंदर की साज-सजावट का भी खास ख्याल रखना पड़ता है। महिलाएं घर को सजाने के लिए तरह-तरह की चीजों का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन घर को सजाने के लिए वे सबसे ज्यादा फूलों का इस्तेमाल करना पसंद करती हैं।

### नयापारा में बाबा गुरु घासीदास जयंती कल

**बिरकोनी**। ग्राम नयापारा (अछरीडीह) में 26 दिसम्बर मंगलवार को सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास जयंती मनाई जाएगी। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा कचरा के फूल भागबली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर प्रवीण वंशे,मोहन चेलक, संजय बंजारे, संतराम बंजारे, आसकरण सोनवानी सहित आयोजक युवा सतनामी समाज के सदस्यगण तैयारी में जुटे हुए हैं।

### रूमेकेल में सात दिवसीय रासेयो शिविर प्रारंभ

**महासमुंद**। शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन उच्चतर प्राथमिक शाला रूमेकेल में 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पवन कुमार ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत रूमेकेल ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित घनश्याम सेन अध्यक्ष ग्राम विकास समिति रूमेकेल ने अपने उद्बोधन में निःस्वार्थ सेवा भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रही प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान ने महाविद्यालय स्थापना से अब तक राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों को बताया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी लता भोई ने रासेयो सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने शिविर की दैनिक दिनचर्या को बताया।

# राजपुर श्रीरामचरितमानस सम्मेलन में हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ग्राम पंचायत जाडापदर के आश्रित ग्राम राजपुर में दो दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। मानस सम्मेलन के पूर्व शनिवार को विशाल कलश यात्र निकालकर पूजा अर्चना किया गया और मानस सम्मेलन में क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण पहुचें। सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद की भी व्यवस्था किया गया। ज्ञात हो कि समस्त ग्रामवासी राजपुर वासियो द्वारा प्रतिवर्ष श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष इस मानस सम्मेलन में कुल 14 मानस परिवार द्वारा मानस गान किया गया। जिसमें करूणा निधान मानस परिवार जाडापदर, सियाराम के संदेश मानस परिवार मोहंदा, जय मां पैरी गंगा

**दो दिवसीय मानस सम्मेलन से गांव का माहौल धार्मिकमय हुआ**





मानस परिवार भठगांव, गौतम ऋशी मानस परिवार मांदागिरी, जय मार्या संस्कार बालिका मानस परिवार राजपुर धमतरी, मोर मयारू मानस परिवार धमतरी, श्री परमेश्वर मानस परिवार सेम्हरतरा राजिम, जय बजरंगबली मानस परिवार रावणभाठा, जय भवानी मानस परिवार छोटेगोबरा, पारसमंडी मानस परिवार रायपुर, श्रध्दा सुमन मानस परिवार नवागांव, विद्यादेवी सम्पूर्ण महिला मानस परिवार सिंधोरीखुर्द, जय बजरंग मानस पविार जनकपुर धम्धा, श्रीराम मानस परिवार बेलरगांव सिहावा द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष छबीलाल नागेश, उपाध्यक्ष यशवंत फरस, सचिव बालचंद नेताम, केशव जोगी, कोशाध्यक्ष हरिसिंह नागेश, संरक्षक लछिन्दर सिंह, लालसिंह, जगन्नाथ, अमृतलाल नागेश, अभिराम, रामसिंह, खामसिंह, चरणसिंह, भोलाराम, नरसिंह, सुखराम, जीतसाय, जलसिंह, संयोजक, टीकम सिंह, जयसिंह, तामेश्वर, गेंदलाल, घन"याम, महेश, देवलाल, गोपालसिंह, दीनाराम, घांसीराम, कुंवरसिंह, राम नागेश, शोभाराम हजारों की संख्या में श्रध्दालु उपस्थित थे।

## अभियान : जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने दी योजनाओं की जानकारी

# गोपालपुर, देहारगुडा व कुल्हाडीघाट में पहुंचा भारत संकल्प यात्रा का रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर और देहारगुड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में गरियाबंद जिला पंचायत के सीईओ रीता यादव पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया वही दुसारी ओर आज रविवार को ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट एंव जाडापदर में मोदी जी की गारंटी वाली रथ पहुंची। जिसे सभी अतिथियों एव अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी के द्वारा गाजा बाजा के साथ स्वागत किया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार दुलार सिन्हा ने कहा इस यात्र के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेकर लाभार्थी के रूप पंजीयन करवाएं। युवा साथी अपने–अपने क्षेत्र में बतौर वॉलिंटियर इस अभियान से जुड़कर गांव व पंचायत के निवासियों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत गोपालपुर, देहारगुडा के काय्रक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, महेश क"यप, भाजपा महिला मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीमती नंदनी नेताम, सरिता ठाकुर, तुलसी राठौर, दिलीप साहू, सरपंच डिगे"वरी साण्डे, सरपंच खेलन दीवान, कुल्हाडीघाट सरपंच धनमोतिन सोरी भाजपा नेता रामस्वरूप साहू , मनोहर बघेल, दामोदर मरकाम, हरिनाथ यादव, एसडीएम हितेश पिस्दा, मैनपुर सीईओ अंजली खलखों, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेंश कंवर, बीईओ चन्द्र"खर मिश्रा, बी.आर.सी.सी एस.के नागे, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी गजेन्द्र धुरव, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार धुर्वा, बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे, दिनेश कमलेश, भावेश शाडिल्य, विकास द्विवेदी, कमलेश धुरव, हीना नेताम, ओमप्रभा वट्टी, दिपीक धुरव, तुलेश्वर साहू, गुप्तेश्वर साहू, दुलेन्द्र नागेश, हीरा कुंजाम, खगेश कुमार, गणेश नागेश सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





**महिलाओं के विकास के लिए अनेक योजनाए संचालित : नंदनी**

विकसित भारत संकल्प यात्र शिविर में भाजपा नेत्री श्रीमती नंदनी नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाए संचालित किया जा रहा है जिसका सीधा लाभ पुरे देश की जनता को मिल रहा है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ में अब भाजपा की सरकार बनने से केन्द्र और राज्य सरकार के सभी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को मिलेगी। इसके लिए सभी बहनों को चाहिए कि ऐसे कार्यक्रमों में पहुंचकर शासन की योजनाओं की जानकारी ले और उसका लाभ उठावें।

# खेल महोत्सव में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के इंडियन पब्लिक हाई स्कूल में हुए बाल दिवस महोत्सव पूरे नगर के लिए चर्चा का विषय बना हुआ था। उसी शानदार आयोजनों में वार्षिक खेल महोत्सव के रुप में फिर से एक कड़ी जुड़ गई हैं। जिसका आयोजन चार दिनों तक काफ़ी शानदार तरीके से किया गया। इस चार दिवसीय खेल महोत्सव का उद्घाटन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनीता सिन्हा एवं उपाध्यक्ष खिलावन साहू के द्वारा किया गया। साथ ही उन्होंने क्रिकेट खेल कर सभी बच्चों का हौसला बढ़ाया और ये भी बताया कि जीवन में शिक्षा के साथ- साथ खेलों का भी महत्व हैं। इस चार दिवसीय खेल महोत्सव में निम्न खेलों का आयोजन किया गया। वहीं खेल महोत्सव में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें म्यूजिकल चेयर रेस, सैक रेस, थ्री लेग रेस, रिले रेस, स्पून रेस, कब्बड़ी, खो-खो, क्रिकेट, लॉन्ग जंप, हाई जंप, रोप पुलिंग, चेस, कैरम आदि प्रमुख खेल थे। प्रत्येक खेलों में सभी विद्यार्थीयों ने काफ़ी हर्ष के साथ हिस्सा लिया और अपने साथी खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया। कार्यक्रम में संस्था संचालक प्रीतम साहू, प्राचार्य-रेवेंद्र दीक्षित, संस्था प्रबंधक- प्राची साहू, शिक्षक- नंदेश्वरी साहू, मंगला देवी राजपूत, सोनिया सोनी, हेमलता पटेल, पदमनी साहू, टिकेश्वरी रात्रे,यमुना नेताम, प्रेरणा साहू, मानसी ध्रुव, पूजारानी खुटे, रागिनी यादव, दिशा साहू, सुधा सेन, नाहिद खान, सुशीला साहू, सुरेश साहू, मनोज साहू, शिव कुमार सतनामी, टेकराज दंडसेना, डिगेश बघेल एवम समस्त स्टाफ की सहभागिता रही।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलो मीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र का एक मात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्हीएमएमपीएस देहारगुड़ा में विज्ञान प्रदर्शनी व आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय नवीन महाविद्यालय मैनपुर के प्रोफेसर डॉ. बीके प्रसाद सर व अभिभावक उपस्थित रहे। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत करके अपना प्रतिभा दिखाया। आनंद मेले में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट खाद्य सामग्रियों व खेल के द्वारा अतिथियों का मनोरंजन किया गया। बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में सोलर लाइट, लेसर सिक्योरिटी सिस्टम, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट विलेज, सोलर सिटी जैसे अनेक मॉडल प्रस्तुत किया और इसका उपयोगिता बताए। आनंद मेला में भी बच्चों ने बढ़ - चढ़ हिस्सा लिया। जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 12 वी तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के छोटे और मंझोले शॉप दुकान लगाए गए। बच्चे इसमें कुशलता से दुकान का संचालन करते दिखे। बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल में मुख्य रूप से गोलगप्पे की दुकान, चाट की दुकान, पास्ता, मैगी, इडली, समोसा, फास्ट फूड , कॉफी, भेल, अप्पे, मंचूरियन, मोमोस, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, बड़ा, भजिया, मिर्ची भजिया, सोया चिल्ली, बिस्किट सैंडविच पैकिंग, नमकीन, बिस्किट की दुकान बच्चों द्वारा लगाई गई थी।

- डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा में विज्ञान प्रदर्शनी व आनंद मेला हुई



**बच्चों के साथ पालक भी पहुंचे आनंद मेला**

इसके अतिरिक्त कुछ बच्चों ने सब्जी विक्रय की दुकान, छल्ले वाला खेल का दुकान, गुब्बारे की दुकान, निशाने बाजी की दुकान का भी स्टाल लगाए। बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए बच्चे के पालक भी बड़ी संख्या में बच्चों के आनंद मेला पहुंचे और बच्चों का उत्साह वर्धन किये वहीं मेले पहुंचे। सभी नागरिकों एवं पालकों ने भी खूब मेले का आनंद उठाये। बच्चे अपने व दूसरे बच्चों के दुकान में भी जाकर खरीदी करते नजर आए तथा पैसों के हिसाब किताब और सामान की देख - रेख व्यापारी बिजनेस आडिया आदि सब सिखने को मिले। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने आनंद मेला का शुभारंभ सामूहिक रूप से छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस उपलक्ष्य में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रभारी शिक्षक सुश्री वेनुका साहू, दुर्गा साहू, उमेश साहू, अजय नागेश, राकेश साहू, रमेशचन्द यदु ,लीना पटेल, ज्योति कश्यप, उत्तम साहू,संदीप साहू, ज्योति साहू, नर्मदा साहू, कुंजबिहारी साहू, लवकुश साहू, शैलेश यादव,व शैलेश कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

### आदिवासी नेता भरत दीवान का निधन

**गरियाबंद**। आदिवासी नेता ग्राम जेंजरा निवासी भरत दीवान की रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक भरत दीवान का अचानक तबियत बिगड़ी जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। भरत दीवान की समूचे जिले में एक कद्दावर आदिवासी नेता के रूप में पहचान थी। आदिवासी समाज के लोगों के लिए उन्होंने काफ़ी कुछ किया है। समाज को ऊंचाई देने में उनका विशेष योगदान रहा है। आदिवासी नेता भरत दीवान के निधन पर राजिम विधायक रोहित साहू पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल पत्रकार गोरेलाल सिन्हा ग्राम जेंजरा के पूर्व सरपंच जालम साहू सरपंच हीरामणी साहू हुलास साहू उप सरपंच देवनारायण साहू सहित आदिवासी समाज के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ आदिवासी नेता भरत दीवान की निधन की खबर से उनके गृह गांव जेंजरा सहित जिले में शोक के लहर देखने को मिल रही है।



# शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के मानसिक विकास के लिए आवश्यक : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियाम से शैक्षणिक के लिए बच्चे रवाना हुए। संस्था के प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जेकब ने बताया की शैक्षणिक भ्रमण हेतु ओडिशा के बारगढ़, संबलपुर के लिए समस्त पूर्व माध्यमिक एवं माध्यमिक, समस्त शिक्षक गण एवं संस्था के समस्त स्टाफ भ्रमण के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया की यह ट्रिप पूरे दो दिन के लिए था। जिसमे साइंस पार्क, बमलेश्वरी मंदीर बर्गढ़, चिडियाखाना, खबर कागज का संस्करण का दृश्य, हिराकुंड बांध एवं विद्युत उत्पादन का प्रदर्शन मुख्य लक्ष था। उन्होंने ये भी बताया की प्रायः हर वर्ष बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए संस्था के माध्यम से ले जाया जाता है। उन्होने यह भी बताये कि पढाई के अलावा यह माहौल भी बच्चे का मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। जिसमे नये जगह, नये चीजे नया नया माहौल सर्वांगीन विकास के लिए जरूरी है। शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। ये भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरों के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं। इस अवसर पर संस्था के प्रवंधक शैजू जेकब, शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य समस्त छात्र -छात्राएं एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

**शैक्षणिक भ्रमण के लिए बच्चे रवाना**



घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में आदिवासी खिलाड़ी करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

भानपुरी जगदलपुर में 25 व 26 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में आदिवासी खिलाड़ी जिला गरियाबंद का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसमें 25 खिलाड़ी, कोच मैनेजर सम्मिलित हो रहे हैं। यह आयोजन वनवासी विकास समिति कल्याण आश्रम रायपुर छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा आयोजित है। प्रांतखेलकूद प्रमुख रामचरण मरावी मार्गदर्शन में खेलकूद होगा। जिसमें खेल खेलकूद कबड्डी, बालक, बालिका वर्ग,05 किलोमीटर दौड़, बालक बालिका वर्ग, लंबी कूद, बालक बालिका वर्ग, गोला फेंक बालक बालिका वर्ग, चार खेल सम्मिलित है। वहीं शीतल ध्रुव समाजसेवी ने कहा वनवासी विकास समिति का उद्देश्य अनेक प्रकार के गतिविधियों के माध्यम से वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों को उनके प्रतिभा के अनुरूप खोज किया जाता है। जैसे खेल के माध्यम से उन्हें तरसना एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना खेल में साक्षर और निरक्षर प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकते हैं। शिक्षा बंधन नहीं है, शीतल ध्रुव समाजसेवी, लेखराज धुर्वा सरपंच संघ अध्यक्ष छुरा, कौशल ठाकुर सरपंच पुरानिक नागेश, पुनितराम ठाकुर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को भेजा गया। भारततोलन संघ के जिला अध्यक्ष गरियाबंद यशवंत यादव ने कहा गरियाबंद जिला में अधिक आदिवासी है। बचपन से ही अधिक ताकतवर होते हैं। शारीरिक रूप से उन्हें सही दिशा प्रशिक्षण मार्गदर्शन दिया जाए तो अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। बस स्टैंड छुरा में सभी खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर शीतल ध्रुव, यशवंत यादव, ललित साहू, सौरभ सरडा, पालकगण, कोमल नेताम, सेहरापानी, जागेश्वर, नागेश, कोसमी, भगवत सिंह, नागेश, परमेश्वर नेताम, विनय कुमार कोच, मैनेजर सुमित्रा ठाकुर, कबड्डी खिलाड़ी गण, पुष्पलता, प्रिया, उमेश्वरी, मोनिका, गणेश्वरी, टिकेश्वरी, रजनी, पुष्पमाला, कमलेश ठाकुर, एस कुमार, ओमकार मरकाम, रोमन ध्रुव, राकेश दीवान, मिथिलेश ध्रुव, हेमंत कुमार, पान सिंह सोरी, राकेश कुमार, हितेश कुमार उपस्थित रहे।



Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### पटवा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मुलाकात की

**मुड़ागांव(कोरासी)।** पटवा नामदेव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला गरियाबंद के द्वारा विधायक रोहित साहू विधानसभा राजिम के निज निवास में सौजन्य मुलाकात कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाई दी। और पटवा नामदेव समाज जिला गरियाबंद के लिए एक सामाजिक भवन की मांग रखी। जिससे विधायक ने अति शीघ्र मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधि मंडल में रमन नामदेव, चमन नामदेव, संतोष नामदेव, भोला पाटकर, लोकेश्वर पाटकर, हितेश पाटकर, रेखराज पाटकर, रोशन लाल पाटकर, भारत पाटकर, झब्बू पाटकर, जीतू पाटकर, सोनू पाटकर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### नयापारा में महायज्ञ भंडारा एवं जगराता का आयोजन कल से

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह नयापारा में पांच कुण्डीय अखण्ड महाकाली महायज्ञ 26 दिसम्बर से किया गया है। सबसे पहले कलश यात्रा निकाली जाएगी। माता स्थापना शाम 4 बजे होगा। राधे मानस परिवार रायपुर वाले द्वारा जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। महायज्ञ दोपहर 12 बजे से होगा। बुधवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक परमेश्वर मानस मण्डली द्वारा रामायण पाठ प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर 2 बजे साधु सम्मेलन महंत उमेशानन्द गिरी, महंत गोबिंद गिरी महाराज द्वारा सम्बोधन, रात्रि 7 बजे जय महामाया निर्मल जस परिवार आनन्दधाम द्वारा धर्मिक आयोजन, गुरुवार को महायज्ञ पूर्णाहुति के बाद माता विसर्जन सुबह 8 बजे से जसगीत, सेवा गीत, लोक कला मंच सुर सिंगार जगराता पिंकी साहू रायपुर द्वारा सांग बान प्रस्तुत किया जाएगा।

**अभियान : ग्राम पटेवा में केंद्र सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी**

# लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं से किया गया लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियो को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम पंचायत पटेवा और तर्री में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैन ग्राम पंचायत पटेवा पहुंचने पर सरपंच भेनमति-राजू पाल ,उपसरपंच तुलसी ध्रुव, मीना साहू, नूतन साहू, श्यामलाल साहू, तारिणी यादव, कुलेश्वर साहू, लेखा दिवाकर, जोगीराम साहू, डॉ फूलजी साहू, घनश्याम साहू, देव टंडन, टुकेन्द्र साहू, उमेश साहू जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सर्वप्रथम सभा स्थल में संकल्प रथ यात्रा का स्वागत किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। संकल्प रथ यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीण को दी गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रवीण कुमार सिंह डे नोडल अधिकारी सूरज बंछोर तहसीलदार नवापारा, विश्वनाथ साहू राजस्व विभाग, टूना गांगुली कृषि विभाग, पीएल साहू स्वास्थ्य विभाग, केसव ध्रुव आर आई, इंदल साहू करारोपण अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया उपस्थित हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से चर्चा की और सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया! कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाना है, कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑडियो के माध्यम से समस्त नागरिकों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत के रूप में तैयार करने का संकल्प शपथ दिलाई गई, संदेश का वाचन किया गया शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, केसीसी सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई ताकि अधिक से अधिक हितग्राही इसका लाभ उठा सके।





### सम्मन निधि की राशि आर्थिक रूप से प्रबल बनाती है

केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पल के तहत हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किया जोगीराम साहू घनश्याम साहू चंद्रकांत साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि से मिलने वाली सालाना 6 हजार की राशि से निम्न एवं मध्यम वर्गों के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही प्रबल बनाती है, एवं कृषि कार्य के लिए बहुत ही सहयोग प्रदान करती है इसी तरह नेहा चेतन साहू ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 5 हजार की राशि तीन किस्तों में मिला है उन्होंने ऐसी लोकहित कार्य योजना के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया! लखन साहू ने बताया कि आयुष्मान कार्ड योजना के तहत ? 1लाख का इलाज कराया गया! इनमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की हितग्राही मोनिका तारक मीना साहू नहीं बताया कि उन्हें ध्यान के माध्यम से उनकी आर्थिक उन्नति हुई है उन्होंने बताया कि स्वस्थ सहायता समूह से जुड़ने से उन्हें ऋण लेने में आसानी हुई उन्हें पहले विहान के बारे में जानकारी नहीं थी इन गांव में अधिकारी लोग जाकर महिलाओं को संगठित बैंक लीकेज के बारे में जानकारी दी।

### हितग्राही को लाभ मिले यही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य

सरपंच भेनमती-राजू पाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा नया उद्धेश्य नई दिशा एवं नई ऊर्जा देने का कार्य कर रही है, विकसित भारत बनाने के लिए सभी लोगों को संकल्पित होना होगा उन्होंने कहा कि भारत सरकार की सभी योजनाएं हर जनमानस तक पहुंचे और पात्रता रखने वाले हितग्राही को लाभ मिले यही इस यात्रा का उद्धेश्य है। कार्यक्रम में डॉक्टर फुलजी साहू ,चंद्रकांत साहू,श्यामलाल साहू, जोगीराम साहू, घनश्याम साहू, देव टंडन, लेखा दिवाकर, कुलेश्वर साहू ,तारिणी यादव, प्रेमीन साहू, गंगा भारती, निर्मला साहू, मनीष टंडन, मीना साहू, नूतन साहू पंच , मोनिका तारक, इंद्रमण साहू प्रधान पाठक, मोतीलाल साहू प्रधान पाठक, सीमा साहू शिक्षिका एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी मितानिन के साथ-साथ समस्त गांव वासी उपस्थित थे।

# सुशासन दिवस पर बोनस राशि का किया जाएगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भारत रत्न प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रत्येक समितियां में सुशासन दिवस का आयोजन कर प्रदेश सरकार के घोषणा के अनुरूप 2014-15 और 15 - 16 के बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी समितियां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दोपहर 1 से कार्यक्रम का प्रसारण होगा, सभी समितियां में इसका सीधा प्रसारण होगा साथ ही साथ किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया जाएगा। राज्य के भाजपा सरकार द्वारा चुनाव के समय घोषणा किया गया था कि सरकार बनते हैं 2 साल के बाकी बोनस को प्रदान किया जाएगा, इसी कड़ी में 25 दिसंबर को 2 साल का बोनस प्रदान किया जा रहा है। साथ-साथ इसके पूर्व 21 किवंटल, प्रति एकड़



में खरीदी किए जाने की घोषणा की गई थी। इसके पालन को लेकर पत्र जारी किया गया है एवं इस पर कार्य भी प्रारंभ हो गए हैं और समितियां में अगला टोकन प्रति एकड़ 21 किवंटल के हिसाब से काटा जा रहा है, शासन के घोषणा से क्षेत्र के किसानों में उत्साह है, किसानों ने बताया कि यह किसानों का सम्मान है कि उनके उत्पादन को सही मूल्य मिले तो निश्चित रूप से किसान आगे बढ़ेगा। क्षेत्र के किसान छत्तर सिंह ठाकुर, मान सिंग निषाद,राजेश यादव, खेम लाल सिंन्हा ने बताया कि यह कदम किसानों के लिए संजीवनी का काम करेगा। आज उत्पादन की खरीदी के साथ-साथ उन्हें पर्याप्त मात्रा में उनकी कीमत एवं पूर्व हुए खरीदी बोनस प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है, सभी समितियां में इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।




